
# चम्पारण ज्ञानाग्रह

## प्रार्थना-सभा सामग्री, दिनांक– 09 अप्रैल 2026, अंक –254.


## प्रस्तुति:- GOVT. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण (10010803702)

## सौजन्य :- "TEACHERS OF BIHAR - THE CHANGE MAKERS."




"सच्ची ताकत संयम में होती है।"

— भगवद्गीता



विद्यार्थियों की बौद्धिक और नैतिक उन्नति की ओर....

**संपादक:- शैलेन्द्र कुमार**



www.teachersofbihar.org

# "प्रार्थना-सभा सामग्री"

## Thursday Prayer

मुझे इस दुनिया में लाया, मुझे बोलना चलना सिखाया
ओ मात पिता तुम्हे वंदन, मैंने किस्मत से तुझे पाया।

मैं जब से जग में आया, बन तब से शीतल छाया,
कभी सहलाया गोदी में, कभी कांधे पर है बिठाया।
मेरे सिर पर हाथ रख कर, बस प्यार ही प्यार लुटाया।
ओ मात पिता तुम्हे वंदन....

मैं उठाकर सर चल पाऊ, इस लायक तुमने किया है।
कहीं हाथ नहीं फैलाऊ, मुझे इतना तुमने दिया है।
मुझे जग की रीत सिखाई, मुझे धर्म का पाठ पढ़ाया।
ओ मात पिता तुम्हे वंदन....

मां-बाप की आंखों से मैं, आंसू बनकर ना गीरूगा।
मां बाप का दिल जो दुखा दे, मैं ऐसा कुछ ना करूंगा।
मां बाप के रूप में मैंने, भगवान को जैसे पाया।
ओ मात पिता तुम्हे वंदन ....

जब देव भी मात पिता के, उपकार चुका ना पाए।
नागोड़ा दरबार प्रदीप, किन शब्दों में गुण गाए।
मैं फर्ज निभा पाऊं तो, समझूंगा अश चुकाया।
ओ मात पिता तुम्हे वंदन ..

मुझे इस दुनिया में लाया मुझे बोलना चलना सिखाया।
ओ मात पिता तुम्हे वंदन, मैंने ......

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार ,
तुझको शत-शत वंदन बिहार..!

तू वाल्मीकि की रामायण
तू वैशाली का लोकतंत्र,
तू बोधिसत्व की करूणा है
तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप
तू हीं अक्षत चंदन बिहार

तू है अशोक की धर्मध्वजा
तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह
तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि
धरती का नंदन वन बिहार।

तेरी गौरव गाथा अपूर्व
तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान
अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार
मेरे भारत के कंठहार ॥

## राष्ट्रीय गीत (190 सेकंड)

वन्दे मातरम्।
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्,
शस्यश्यामलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
शुभ्रज्योत्स्ना पुलकित यामिनीम्,
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्,
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम्,
सुखदां वरदां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
कोटि-कोटि कण्ठ कलकल निनाद कराले,
कोटि-कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले,
अबला केनो मा एतो बले?
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीं,
रिपुदलवारिणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि विद्या, त्वं हि धर्म,
त्वं हि हृदि, त्वं हि मर्म,
त्वं हि प्राणा: शरीरे।
बाहुते त्वं मा शक्ति,
हृदये त्वं मा भक्ति,
तोमारइ प्रतिमा गढ़ि
मन्दिरे-मन्दिरे।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी,
कमला कमलदलविहारिणी,
वाणी विद्यादायिनी नमामि त्वाम्।
नमामि कमलाम् अमलाम् अतुलाम्,
सुजलां सुफलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
श्यामलां सरलां सुस्मितां भूषिताम्,
धरणीं भरणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥

## राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्रविड़-उत्कल-बंग।
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि-तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।।

संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर,
बगहा-2, प. चंपारण।



# संविधान की प्रस्तावना

हम, भारत के लोग,
भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

# मौलिक अधिकार

1. "समता का अधिकार (Right to Equality.)" - अनुच्छेद 14–18
2. "स्वतंत्रता का अधिकार - (Right to Freedom.)" - अनुच्छेद 19–22
3. "शोषण के विरुद्ध अधिकार (Right against Exploitation.)" - अनुच्छेद 23–24
4. "धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (Right to Freedom of Religion.)" - अनुच्छेद 25–28
5. "संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (Cultural and Educational Right.)" - अनुच्छेद 29–30
6. "संवैधानिक उपचारों का अधिकार (Right to Constitutional Remedies.)" - अनुच्छेद 32

# मौलिक कर्तव्य

अनुच्छेद 51(क) – मौलिक कर्तव्य:
भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह –
(1.) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(2.) स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(3.) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(4.) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(5.) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो; ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं;
(6.) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(7.) प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, की रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(8.) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(9.) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे और हिंसा से दूर रहे;
(10.) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरन्तर बढ़ते हुए प्रयत्नों द्वारा उन्नति की नई ऊँचाइयों को छू ले;
(11.) यदि वह माता-पिता या संरक्षक है, तो छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बच्चे या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।


अनुभाग-2

# वर्ग:- प्राथमिक (1 - 5) के लिए

## सामान्य-ज्ञान

**प्रश्न 1: फ्रांस की राजधानी कहाँ है और वहाँ की प्रसिद्ध मुद्रा (Currency) क्या है?**
**उत्तर: राजधानी: पेरिस, मुद्रा: यूरो (Euro)**
**प्रश्न 2: विश्व का सबसे ऊँचा पर्वत शिखर कौन सा है?**
**उत्तर: माउंट एवरेस्ट (8848 मी. नेपाल)**
**प्रश्न 3: 'कथकली' (Kathakali) किस राज्य का प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्य है?**
**उत्तर: केरल**
**प्रश्न 4: 400 का वर्गमूल क्या है?**
**उत्तर: 20**
**प्रश्न 5: बिहार के किस स्थान को 'महात्मा बुद्ध' की ज्ञान स्थली के रूप में जाना जाता है?**
**उत्तर: बोधगया**
**प्रश्न 6: प्रत्येक वर्ष '22 अप्रैल' को दुनिया भर में कौन सा महत्वपूर्ण दिवस मनाया जाता है?**
**उत्तर: विश्व पृथ्वी दिवस (World Earth Day)**
**प्रश्न 7: 'भाप इंजन' (Steam Engine) का आविष्कार किसने किया था?**
**उत्तर: जेम्स वाट (James Watt)**
**प्रश्न 8: भारत के 'सर्वोच्च न्यायालय' (Supreme Court) के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति कौन करता है?**
**उत्तर: भारत के राष्ट्रपति**
**प्रश्न 9: 'सत्य' का विलोम शब्द बताइए और 'फूल' के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।**
**उत्तर: विलोम: असत्य; पर्यायवाची: पुष्प, सुमन**
**प्रश्न 10: प्रकाश संश्लेषण (Photosynthesis) की प्रक्रिया के दौरान पौधे कौन सी गैस बाहर छोड़ते हैं?**
**उत्तर: ऑक्सीजन (O_2)**


संकलन:-



पिन्टू कुमार
विद्यालय अध्यापक
UHS रामपुर, बगहा-2


## शब्द - संगम

1. Someone – (समवन) – कोई (व्यक्ति)
2. Somebody – (समबॉडी) – कोई (व्यक्ति)
3. Something – (समथिंग) – कोई चीज़
4. Anyone – (एनीवन) – कोई भी (व्यक्ति)
5. Anybody – (एनीबॉडी) – कोई भी (व्यक्ति)
6. Anything – (एनीथिंग) – कुछ भी / कोई भी चीज़




संकलन:-
सौरभ कुमार
विद्यालय अध्यापक
Govt. UMS गोइती
बगहा-2, प. चम्पारण


## English गप-शप

थीम: "क्या तुम ... हो?" (Are you ...?)

क्या तुम खुश हो? – Are you happy?
क्या तुम ठीक हो? – Are you fine?
क्या तुम तैयार हो? – Are you ready?
क्या तुम व्यस्त हो? – Are you busy?
क्या तुम सुरक्षित हो? – Are you safe?




संकलन:-
सुनील कुमार राम
प्रधान शिक्षक
Govt. PS चिउटाहां
बगहा-2, प. चम्पारण

# "सामान्य-ज्ञान"(वर्ग:6-12)

1. 9 अप्रैल को कौन सा दिवस मनाया जाता है? (दिवस ज्ञान)
उत्तर: CRPF शौर्य दिवस
व्याख्या: 9 अप्रैल को CRPF शौर्य दिवस मनाया जाता है। 1965 में रण ऑफ कच्छ में सीआरपीएफ जवानों ने पाकिस्तान सेना के विरुद्ध अदम्य साहस दिखाया था। उसी वीरता की स्मृति में यह दिवस मनाया जाता है, जो सुरक्षा बलों के योगदान को सम्मानित करता है।
संदर्भ: CRPF आधिकारिक वेबसाइट

2. हाल ही में 'बिहार सरकार' ने किस जिले में 'राज्य का पहला एग्रो-एक्सपोर्ट हब' (Agro-Export Hub) स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की है? (समसामयिकी)
उत्तर: मुजफ्फरपुर
व्याख्या: मुजफ्फरपुर की शाही लीची और अन्य कृषि उत्पादों को वैश्विक बाजार उपलब्ध कराने के लिए यहाँ एक आधुनिक एक्सपोर्ट हब बनाया जा रहा है। इससे उत्तर बिहार के किसानों की आय में वृद्धि होगी और बिहार के उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय पहचान बनेगी।
संदर्भ: बिहार आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26; कृषि विभाग, बिहार।

3. "नीतिसार" नामक सुप्रसिद्ध राजनीति शास्त्र के ग्रंथ के रचयिता कौन हैं ? (पुस्तक - लेखक)
उत्तर: कामंदक
व्याख्या: गुप्त काल के दौरान रचित 'नीतिसार' चाणक्य के अर्थशास्त्र के सिद्धांतों पर आधारित है। इसमें राजा के कर्तव्यों, विदेश नीति और राज्य के प्रशासन के बारे में विस्तार से बताया गया है। यह प्राचीन भारतीय कूटनीति को समझने का एक महत्वपूर्ण ग्रंथ है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 6 इतिहास, अध्याय 10, पृष्ठ 103।

4. 'पारिस्थितिकी तंत्र' में वे जीव जो मरे हुए जंतुओं को खाकर पर्यावरण की सफाई में मदद करते हैं, क्या कहलाते हैं? (पर्यावरण)
उत्तर: मुर्दाखोर (Scavengers)
व्याख्या: गिद्ध, लकड़बग्घा और कौआ जैसे जीव मृत शरीर को खाकर पर्यावरण को सड़ने और बीमारियाँ फैलने से बचाते हैं। ये खाद्य श्रृंखला में ऊर्जा के पुनर्चक्रण (Recycling) में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
संदर्भ: NCERT कक्षा 10 विज्ञान, अध्याय 15 (हमारा पर्यावरण), पृष्ठ 257।

5. पुरापाषाण काल के दौरान मानव द्वारा बनाए गए 'शैल चित्रों' (Rock Paintings) के सबसे प्रसिद्ध अवशेष कहाँ से प्राप्त हुए हैं? (इतिहास)
उत्तर: भीमबेटका (मध्य प्रदेश)
व्याख्या: भीमबेटका की गुफाओं में हजारों साल पुराने चित्र मिले हैं, जिनमें उस समय के मानव के शिकार, नृत्य और दैनिक जीवन को दर्शाया गया है। ये चित्र प्राकृतिक रंगों से बनाए गए थे जो आज भी सुरक्षित हैं। यह हमारी आदिम कला विरासत का सबसे बड़ा प्रमाण है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 6 इतिहास, अध्याय 2, पृष्ठ 14।

# "सामान्य-ज्ञान"

6. 'मानसून' शब्द का मूल अर्थ क्या है? (भूगोल | NCERT)
उत्तर: ऋतु परिवर्तन
व्याख्या: मानसून शब्द अरबी भाषा के 'मौसिम' से बना है, जिसका अर्थ होता है 'ऋतु' या 'मौसम'। भारत में मानसून हवाएँ मौसमी परिवर्तन के अनुसार दिशा बदलती हैं, जिससे वर्षा होती है। यह कृषि, जल संसाधन और अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।
संदर्भ: NCERT Class 9 Geography, Ch 4 Climate, p. 40

7. भारतीय संविधान में 'निवारक निरोध' (Preventive Detention) का प्रावधान किस मौलिक अधिकार के अपवाद के रूप में दिया गया है? (संविधान)
उत्तर: अनुच्छेद 22 (स्वतंत्रता का अधिकार)
व्याख्या: अनुच्छेद 22 के तहत किसी व्यक्ति को अपराध करने से रोकने के लिए उसे पहले ही हिरासत में लिया जा सकता है। यद्यपि यह व्यक्तिगत स्वतंत्रता को सीमित करता है, लेकिन इसे राष्ट्र की सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक माना गया है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 11 राजनीति विज्ञान, अध्याय 2, पृष्ठ 35।

8. वैसी रासायनिक अभिक्रिया जिसमें उत्पाद के निर्माण के साथ-साथ 'अविलेय ठोस' (Precipitate) बनता है, क्या कहलाती है? (विज्ञान)
उत्तर: अवक्षेपण अभिक्रिया (Precipitation Reaction)
व्याख्या: जब दो जलीय विलयनों को मिलाने पर एक सफेद या रंगीन ठोस पदार्थ बनता है जो पानी में नहीं घुलता, तो उसे 'अवक्षेप' कहते हैं। उदाहरण के लिए, सोडियम सल्फेट और बेरियम क्लोराइड की अभिक्रिया से बेरियम सल्फेट का अवक्षेप प्राप्त होता है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 10 विज्ञान, अध्याय 1, पृष्ठ 11।

9. विश्व प्रसिद्ध 'एलिफेंटा की गुफाओं' में स्थित 'त्रिमूर्ति शिव' की भव्य प्रतिमा का निर्माण किन शासकों ने करवाया था? (कला एवं संस्कृति)
उत्तर: राष्ट्रकूट वंश
व्याख्या: मुंबई के पास स्थित एलिफेंटा द्वीप की गुफाओं में भगवान शिव के विभिन्न रूपों को तराशा गया है। यहाँ की 'त्रिमूर्ति' प्रतिमा (सृजन, संरक्षण और विनाश के प्रतीक) भारतीय मूर्तिकला का चरमोत्कर्ष मानी जाती है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 11 (Fine Arts) भारतीय कला का परिचय, अध्याय 5, पृष्ठ 78।

10. बिहार के किस जिले में 'कौशिकी' (कोसी) और गंगा नदी का संगम होता है, जिसे 'कुर्सेला' के नाम से जाना जाता है? (बिहार GK)
उत्तर: कटिहार
व्याख्या: कटिहार जिले के कुर्सेला नामक स्थान पर कोसी नदी गंगा में समाहित होती है। कोसी को 'बिहार का शोक' भी कहा जाता है क्योंकि यह अक्सर अपना मार्ग बदलती है। यह संगम क्षेत्र भौगोलिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।
संदर्भ: SCERT बिहार कक्षा 9 भूगोल; बिहार आर्थिक सर्वेक्षण।

# "सामान्य-ज्ञान"

11. सुरक्षित शनिवार (अप्रैल W1): 'अगलगी' की स्थिति में धुआं होने पर बाहर निकलने का सबसे सुरक्षित तरीका क्या है? (विद्यालय सुरक्षा)
उत्तर: घुटनों के बल रेंगकर (Crawl)
व्याख्या: आपदा कैलेंडर 2026 के अनुसार, यदि कमरे में धुआं भर गया हो, तो जमीन के पास की हवा साफ होती है क्योंकि धुआं गर्म होकर ऊपर उठता है। इसलिए, नाक और मुंह को रुमाल से ढंककर घुटनों के बल रेंगकर बाहर निकलना चाहिए ताकि दम घुटने से बचा जा सके।
संदर्भ: आपदा जोखिम न्यूनीकरण कैलेण्डर 2026, पृष्ठ 6।

12. 10, 18, 34, 66, ? — दी गई श्रेणी में प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर कौन सी संख्या आएगी? (मानसिक योग्यता)
उत्तर: 130
व्याख्या: यहाँ उपयोग किया गया तर्क है: (पिछली संख्या \times 2) - 2।

GK संकलन:-
**शैलेन्द्र कुमार**
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर
बगहा-2, प. चम्पारण ।



अनुभाग-4

# -: शब्द - संगम :-

Admonish (एडमॉनिश) = Warn (वॉर्न) = चेतावनी देना
  Antonym – Praise (प्रेज़) = प्रशंसा करना
Blunt (ब्लंट) = Dull (डल) = कुंद / स्पष्ट (बिना घुमाए)
  Antonym – Sharp (शार्प) = तीक्ष्ण
Concur (कन्कर) = Agree (अग्री) = सहमत होना
  Antonym – Disagree (डिसअग्री) = असहमत होना
Deprive (डिप्राइव) = Rob (रॉब) = वंचित करना
  Antonym – Provide (प्रोवाइड) = प्रदान करना
Erratic (एरैटिक) = Unpredictable (अनप्रेडिक्टेबल) = अनियमित
  Antonym – Consistent (कन्सिस्टेन्ट) = स्थिर / नियमित



~: संकलन :~
**राकेश कुमार राव**
प्रधानाध्यापक
PMश्री +2 NGY उच्च विद्यालय
वाल्मीकिनगर, बगहा-2 , प. चम्पारण ।

# "आज का अख़बार"

## NATIONAL NEWS

**Prime Minister inaugurates 'Bharat-Quantum Network' in Delhi; India becomes the 5th nation to achieve secure quantum-encrypted communication.**
**प्रधानमंत्री ने दिल्ली में 'भारत-क्वांटम नेटवर्क' का उद्घाटन किया; सुरक्षित क्वांटम-एन्क्रिप्टेड संचार प्राप्त करने वाला भारत दुनिया का 5वां देश बना।**

**ISRO and NCERT launch 'Gagan-Shiksha' satellite-linked classrooms to provide real-time science lectures in 100 aspirational districts.**
**इसरो और एनसीईआरटी ने 100 आकांक्षी जिलों में रीयल-टाइम विज्ञान व्याख्यान प्रदान करने के लिए उपग्रह-लिंक्ड 'गगन-शिक्षा' क्लासरूम लॉन्च किए।**

**Ministry of Jal Shakti reports 95% coverage under 'Har Ghar Jal' Mission; Sikkim and Goa declared first to achieve 100% sustainable grey-water management.**
**जल शक्ति मंत्रालय ने 'हर घर जल' मिशन के तहत 95% कवरेज की रिपोर्ट दी; सिक्किम और गोवा 100% टिकाऊ ग्रे-वाटर प्रबंधन प्राप्त करने वाले पहले राज्य घोषित।**

## INTERNATIONAL NEWS

**UN Security Council passes 'AI-Conflict Resolution' Pact; mandates international oversight on AI-driven diplomatic negotiations.**
**संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने 'एआई-संघर्ष समाधान' समझौता पारित किया; एआई-संचालित राजनयिक वार्ताओं पर अंतर्राष्ट्रीय निगरानी अनिवार्य की गई।**

**BBC News: Global Carbon Observatory confirms first annual decline in CO2 emissions since the industrial era, led by Green-Hydrogen shift.**
**बीबीसी न्यूज़: ग्लोबल कार्बन ऑब्जर्वेटरी ने ग्रीन-हाइड्रोजन की ओर झुकाव के कारण औद्योगिक युग के बाद से CO2 उत्सर्जन में पहली वार्षिक गिरावट की पुष्टि की।**

**NASA's Europa Clipper mission detects 'Saline Water Plumes' on Jupiter's moon; potential for microbial life discovery increases.**
**नासा के यूरोपा क्लिपर मिशन ने बृहस्पति के चंद्रमा पर 'खारे पानी के फव्वारे' का पता लगाया; सूक्ष्मजीव जीवन की खोज की संभावना बढ़ी।**

## BIHAR NEWS

**Bihar SCERT releases 'Pragati-Report 2026'; record 20% improvement in primary school literacy rates in Seemanchal region.**
**बिहार एससीईआरटी ने 'प्रगति-रिपोर्ट 2026' जारी की; सीमांचल क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय साक्षरता दर में रिकॉर्ड 20% सुधार दर्ज।**

**Chief Minister inaugurates 'Bihar Biotech Hub' in Muzaffarpur to support startups in climate-resilient seed technology.**
**मुख्यमंत्री ने जलवायु-लचीली बीज प्रौद्योगिकी में स्टार्टअप्स को सहायता प्रदान करने के लिए मुजफ्फरपुर में 'बिहार बायोटेक हब' का उद्घाटन किया।**

## SPORTS NEWS

**India wins Asian Badminton Mixed Team Championship 2026; Lakshya Sen and P.V. Sindhu secure decisive victories in the final.**
**भारत ने एशियाई बैडमिंटन मिश्रित टीम चैंपियनशिप 2026 जीती; लक्ष्य सेन और पी.वी. सिंधु ने फाइनल में निर्णायक जीत हासिल की।**

**International Olympic Committee (IOC) approves 'Cricket-Data Analytics' framework to enhance fair play and transparency for LA 2028 Games.**
**आईओसी (IOC) ने लॉस एंजिल्स 2028 खेलों के लिए निष्पक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने हेतु 'क्रिकेट-डेटा एनालिटिक्स' ढांचे को मंजूरी दी।**



**संकलन:-**
**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**रा.प्रा.वि. बोदसर,**
**बगहा-2, प. चम्पारण।**

**✍️ संदेश:**

**"करेंट अफेयर्स का नियमित अध्ययन ही प्रतियोगी सफलता की सबसे मजबूत नींव है।"**

## प्रेरक प्रसंग

# "शांत मन की शक्ति"

9 अप्रैल की सुबह थी। विद्यालय की प्रार्थना सभा में आज का विषय था—मानसिक शांति और तनाव से बचाव। सभी छात्र ध्यानपूर्वक खड़े थे।
सभा के बाद प्रधानाध्यापक महोदय मंच पर आए और बोले—
“बच्चों, आजकल एक नई समस्या तेजी से बढ़ रही है। कई बच्चे छोटी-छोटी बातों पर चिड़चिड़े और गुस्सैल हो जाते हैं। खबरों में भी हम देखते हैं कि गुस्से में लोग गलत निर्णय ले लेते हैं। इसका एक बड़ा कारण है—मोबाइल, सोशल मीडिया, इंटरनेट का अत्यधिक उपयोग और गलत संगत।”
बच्चे ध्यान से सुनने लगे।
उन्होंने एक कहानी सुनाई—
एक छात्र था रोहित। वह पढ़ाई में अच्छा था, लेकिन धीरे-धीरे मोबाइल उसका सबसे बड़ा साथी बन गया। वह देर रात तक वीडियो देखता, गेम खेलता और सुबह थका हुआ स्कूल आता।
अब वह छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने लगा। घर में भी चिड़चिड़ा रहने लगा और पढ़ाई में उसका मन नहीं लगता था।
एक दिन उसके शिक्षक ने उसे समझाया—
“रोहित, जब मन हमेशा स्क्रीन में उलझा रहता है, तो वह अशांत हो जाता है। अगर तुम अपना समय संतुलित करोगे, तो तुम फिर से खुश और सफल बन सकते हो।”
रोहित ने अपनी आदतें बदलीं। उसने मोबाइल का उपयोग कम किया, समय पर सोना शुरू किया, खेल और व्यायाम को अपनाया। धीरे-धीरे उसका स्वभाव बदल गया और वह फिर से शांत और आत्मविश्वासी हो गया।
प्रधानाध्यापक महोदय ने कहा—
“बच्चों, याद रखो—शांत मन ही सबसे बड़ी ताकत है।”
सभा के अंत में सभी ने संकल्प लिया—
“हम अपने समय और मन दोनों का सही उपयोग करेंगे।”
संदेश : “जिसने अपने मन को संभाल लिया, उसने जीवन को संभाल लिया।”



................✍️
**मनोज कुमार**
प्रधानाध्यापक
रा.म.वि.वाल्मीकिनगर
बगहा 2, प. चम्पारण।

# "शिक्षक संवर्धन"

## छात्र कैसे सीखते हैं ?

छात्रों के सीखने की प्रक्रिया बहुत स्वाभाविक, सरल और रोचक होती है। वे केवल शिक्षकों, पुस्तकों से ही नहीं, बल्कि अपने आसपास के वातावरण, अनुभव और लोगों से भी सीखते हैं। हम यह देखते हैं कि छात्र सीखने के विभिन्न आयामों को आत्मसात करते हैं। कई बार छात्र जो देखते, सुनते और करते हैं, उसी से सीखते रहते हैं। जैसे – खेल खेल में खेल के नियमों को समझ लेते हैं, खेलने के क्रम में गिरकर संतुलन बनाना सीखते हैं।

अक्सर छात्र अनुकरण से सीखते हैं। इस अनुभव में वे अपने से बड़े लोगों की नकल करते हैं और सीख जाते हैं। जैसे – माता-पिता, बहन, बड़े भाई, मित्र या शिक्षक जैसा बोलना, व्यवहार करने के नकल का प्रयास करते करते सीख जाते हैं। किसी की मिमिक्री करना इसी श्रेणी में आता है। खेल छात्रों के सीखने के लिए सबसे अच्छा माध्यम होता है। खेल-खेल में ही वे गिनती, भाषा, सहयोग और समस्या समाधान सीखते हैं।

कुछ छात्र बहुत प्रश्न पूछते हैं – “यह क्या है?”, “क्यों होता है?”


यही जिज्ञासा उन्हें नई चीजें सीखने में मदद करती है। छात्रों की यही जिज्ञासा आगे जाकर बड़े खोज का कारण बनती हैं।

छात्र जिज्ञासा समाधान हेतु कोशिश करते हैं, गलती करते हैं और फिर सुधारते हैं। सुधार की यही प्रक्रिया उन्हें मजबूत सीख देती है जो स्थाई भी होती है।

कई बार छात्रों का अपना सामाजिक संपर्क भी सीखने में सहायक होता है। दोस्तों, परिवार और शिक्षकों के साथ बातचीत से छात्र भाषा, व्यवहार और संस्कार सीखते हैं। प्रोत्साहन एवं प्रेरणा भी छात्र को सीखने हेतु प्रेरित करता है। जब किसी कार्य पर छात्र को सराहा जाता है, तो वे उस कार्य को और अच्छे से सीखने के लिए प्रेरित होते हैं।

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि छात्र देखकर, करके, खेलकर, पूछकर और अनुभव से सबसे अच्छी तरह सीखते हैं।

एक शिक्षक के रूप में विद्यालय में हम छात्रों को सीखने के अवसर उपलब्ध कराने वाले एक स्रोत होते हैं और यदि हम ऊपर अंकित बातों को ध्यान में रखकर सीखने सिखाने की प्रक्रिया अपनाएं तो हमारे विद्यालय में सीखने का एक अच्छा वातावरण तैयार होगा। तो आईए हम अपने विद्यालय में छात्रों को सीखने के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने की कोशिश करें....................✍



मनोज कुमार झा
प्रधानाध्यापक
राज़कीयकृत म.वि. सर्वोदय
बेतिया, प. चम्पारण।

# "पाठक पृष्ठ"

## बिहार का 'नियाग्रा' : ककोलत जलप्रपात

क्या आप जानते हैं कि बिहार में भी एक ऐसा प्राकृतिक नगीना है जिसे "बिहार का नियाग्रा" कहा जाता है? जी हाँ, हम बात कर रहे हैं नवादा के ककोलत जलप्रपात की!
यह जलप्रपात बिहार राज्य के नवादा शहर से लगभग 33 किलोमीटर की दूरी पर गोविंदपुर ब्लॉक के एकतारा *(ककोलत)* की पहाड़ियों के बीच स्थित है,
ये पहाड़ियां छोटा नागपुर पठार के उत्तरी किनारे पर स्थित हैं।
यह जलप्रपात लोहाबर नदी के मार्ग में आता है। यह क्षेत्र पुरानी कठोर चट्टानों से बना है।यहाँ नदी की जलधारा लगभग 150 से 160 फीट की ऊंचाई से गिरती है, जिससे यहाँ एक गहरा और ठंढा प्राकृतिक कुंड बन गया है।झरने की भव्यता और ऊंचाई से गिरते पानी के दृश्य की तुलना कुछ लोग अमेरिका के प्रसिद्ध *'नियाग्रा फॉल्स'* से करते हैं, इसलिए इसे "बिहार का नियाग्रा" भी कह दिया जाता है। जहाँ पर्यटक स्नान का आनंद लेते हैं। ककोलत जल प्रपात का पानी साल भर काफी ठंडा रहता है। भीषण गर्मी के मौसम में भी यहाँ का तापमान बहुत सुखद होता है, इसलिए यह बिहार के सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक है।यहाँ के आसपास का क्षेत्र घने जंगलों और वनस्पतियों से घिरा हुआ है, जो इसे एक समृद्ध जैव-विविधता वाला क्षेत्र बनाता है, विशेष रूप से गर्मियों में और 'सतुआनी' (बैसाखी) के त्योहार के दौरान यहाँ भारी भीड़ उमड़ती है। मान्यताओं और पौराणिक कथाओं के अनुसार, त्रेता युग में एक राजा को ऋषि के श्राप के कारण अजगर बनना पड़ा था और वह इसी जलप्रपात में रहता था। पांडवों ने अपने वनवास के दौरान यहाँ का दौरा किया था और उस राजा को श्राप से मुक्ति दिलाई थी। इसी याद में यहाँ चैत संक्रांति के अवसर पर एक बड़ा मेला भी लगता है।
गर्मी की छुट्टियों के लिए यह एक बेहतरीन पर्यटन स्थल है! अगर आप बिहार की खूबसूरती को करीब से देखना चाहते हैं, तो ककोलत की यात्रा ज़रूर करें।






**श्याम कुमार**
विद्यालय अध्यापक (BPSC)
रा. उच्च. मा. वि. रामपुर
बगहा -2, प. चम्पारण

# कैरियर मार्गदर्शन श्रृंखला: पत्र संख्या - 28

## "मैट्रिक के बाद – ITI : Electrician"

## 'संपादकीय'

प्रिय विद्यार्थियों,

यदि आपकी रुचि बिजली, वायरिंग, इलेक्ट्रिकल उपकरणों और तकनीकी कार्य में है, तो ITI – Electrician एक अत्यंत लोकप्रिय, व्यावहारिक और रोजगारपरक कोर्स है। इस कोर्स में इलेक्ट्रिकल वायरिंग, मोटर व ट्रांसफॉर्मर, हाउस वायरिंग, इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रिकल सिस्टम, सोलर पैनल इंस्टॉलेशन, फॉल्ट फाइंडिंग और रिपेयरिंग आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है। आज हर घर, उद्योग और संस्थान में बिजली से जुड़े कुशल तकनीशियन की आवश्यकता होती है।

अर्हता: मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं उत्तीर्ण; गणित और विज्ञान विषय उपयोगी।

नामांकन प्रक्रिया: ITI ट्रेड्स में प्रवेश राज्य स्तर की मेरिट/ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से होता है। प्रशिक्षण और नामांकन संबंधी जानकारी के लिए Directorate General of Training – dgt.gov.in तथा Ministry of Skill Development and Entrepreneurship – skillindia.gov.in महत्वपूर्ण पोर्टल हैं।

बिहार के प्रमुख सरकारी संस्थान:

राज्य के सभी जिलों में संचालित सरकारी ITI संस्थान

Bihar Skill Development Mission के अंतर्गत प्रशिक्षण केंद्र

कोर्स अवधि: सामान्यतः 2 वर्ष (Electrician ट्रेड)।

रोजगार की संभावना:

इलेक्ट्रिशियन, वायरमैन, इंडस्ट्रियल टेक्नीशियन, पावर प्लांट, कंस्ट्रक्शन कंपनियाँ, रेलवे/सरकारी विभाग (प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से)। प्रारंभिक आय ₹12,000–25,000 प्रति माह, अनुभव के साथ वृद्धि।

स्व-रोजगार के अवसर:

हाउस वायरिंग, रिपेयरिंग सर्विस, सोलर पैनल इंस्टॉलेशन, कॉन्ट्रैक्ट वर्क के माध्यम से अच्छी आय अर्जित की जा सकती है।

आगे के अवसर:

अप्रेंटिसशिप, पॉलिटेक्निक (लेटरल एंट्री), सोलर/इलेक्ट्रिकल एडवांस कोर्स, सरकारी नौकरियों की तैयारी।

वित्तीय सहायता:

तकनीकी शिक्षा हेतु बिहार सरकार की स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना (drcc.bihar.gov.in) का लाभ लिया जा सकता है। छात्रवृत्ति के लिए National Scholarship Portal – scholarships.gov.in पर आवेदन करें।

संक्षिप्त सलाह: यदि आप तकनीकी कार्य में रुचि रखते हैं और जल्दी रोजगार या स्वयं का काम शुरू करना चाहते हैं, तो Electrician ट्रेड आपके लिए एक सुरक्षित और स्थायी करियर विकल्प है।

अगले पत्र में – इंटरमीडिएट के बाद : B.Sc (Physics/Chemistry/Mathematics)। 🔬📘

...........✍️

शैलेन्द्र कुमार

प्रधान शिक्षक

रा.प्रा.वि. बोदसर, बगहा-2



# "मेरा विद्यालय मेरी प्रतिष्ठा"

## रा.प्रा.वि. बोदसर, बगहा- 2

मंडे पॉजिटिव सरकारी स्कूलों के शिक्षकों की टीम चंपारण ज्ञानाग्रह से मौन किंतु प्रभावी शैक्षिक क्रांति की बन रही साक्षी

# चंपारण-ज्ञानाग्रह : बिहार के शैक्षिक पुनर्जागरण का आधुनिक शंखनाद, सरकारी विद्यालयों में ज्ञान की गंगा प्रवाहित हो रही

मणिकांत मिश्र | बेतिया

बिहार की ऐतिहासिक धरती, जो कभी नालंदा और विक्रमशिला के ज्ञानलोक से संपूर्ण विश्व को आलोकित करती थी, आज पुनः एक मौन किंतु अत्यंत प्रभावी शैक्षिक क्रांति की साक्षी बन रही है। इस वैचारिक क्रांति का ध्वजवाहक है चम्पारण-ज्ञानाग्रह। यह केवल एक दैनिक बुलेटिन या पीडीएफ श्रृंखला नहीं है, बल्कि टीचर्स ऑफ बिहार के समर्पित शिल्पकारों द्वारा गढ़ा गया एक ऐसा बौद्धिक अनुष्ठान है, जो राज्य के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी विद्यालयों में ज्ञान की गंगा प्रवाहित कर रहा है। चम्पारण सत्याग्रह की पावन स्मृतियों से ऊर्जस्वित यह पत्रिका आज बिहार के हजारों विद्यालयों की प्रार्थना सभाओं का प्राण बन चुकी है। इस महती परियोजना के केंद्र में जिले के बगहा दो प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बोदसर के प्रधान शिक्षक शैलेन्द्र कुमार का तपस्वी व्यक्तित्व है। उनके प्रधान संपादकीय और संकलन कौशल ने इस पत्रिका को एक संस्थागत स्वरूप प्रदान किया है।




चंपारण ज्ञानाग्रह टीम द्वारा जारी बुलेटिन।

## निष्कर्ष : दैनिक ज्ञानकोश बिहार के शैक्षिक परिदृश्य पर एक अमिट हस्ताक्षर बन चुका है

टीचर्स ऑफ बिहार- द चेंज मेकर्स के बैनर तले प्रकाशित यह पत्रिका यह सिद्ध करती है कि बिना किसी व्यावसायिक स्वार्थ या सरकारी वित्त पोषण के भी यदि संकल्प शक्ति दृढ़ हो, तो शिक्षा के क्षेत्र में युगांतरकारी परिवर्तन लाया जा सकता है। यह दैनिक ज्ञानकोश बिहार के शैक्षिक परिदृश्य पर अमिट हस्ताक्षर बन चुका है।

चम्पारण-ज्ञानाग्रह केवल शब्दों का संकलन नहीं है; यह शैलेन्द्र कुमार व टीम के उस अटूट विश्वास का प्रतिबिंब है कि शिक्षक बदलेंगे, तो बिहार बदलेगा।

शिक्षक संवर्धन खंड केवल सूचनात्मक लेखों का संग्रह नहीं, यह शिक्षकों के व्यावसायिक कौशल व शिक्षण पद्धतियों के नवाचार का एक विमर्श मंच है। मनोज कुमार झा के लेखों में मनोविज्ञान, विद्यालय प्रबंधन व शैक्षिक चुनौतियों का जो विश्लेषण मिलता है। वह शिक्षकों को पारंपरिक ढर्रे से निकालकर आधुनिक शिक्षण की ओर प्रेरित करता है। यह खंड शिक्षकों को यह अहसास कराता है कि वे केवल कर्मचारी नहीं,बल्कि समाज के चेंज मेकर्स हैं। जब एक शिक्षक इस पत्रिका के माध्यम से नई शिक्षण विधियों,बाल मनोविज्ञान और नेतृत्व कौशल से लैस होता है,तो उसका सीधा लाभ कक्षा के अंतिम पायदान पर बैठे छात्र तक पहुंचता है।



**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक (BPSC)**
**रा.प्रा.वि. बोदसर**
**बगहा -2, प. चंपारण।**

आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

Reg. No. BR/2025/0487469

# "चम्पारण-ज्ञानाग्रह"

## आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

# Thank You..

## बच्चों के हितार्थ अपना बहुमूल्य समय देने के लिए...!!!




संपादक:-

**शैलेन्द्र कुमार**

'प्रधान शिक्षक'

Govt. PS बोदसर,

बगहा-2, प. चम्पारण।

(10010803702)

📱-9939671700


अगर आपके मन में कोई नया विचार, कोई इवेंट, कोई एक्टिविटी या किसी बदलाव की पहल है, तो कृपया टीम में बताइए।


+917250818080

teachersofbihar@gmail.com

+917250818080

www.teachersofbihar.org